उत्तर प्रदेश के बरेली मंडल में बनेंगे 5 ग्रामीण लर्निंग सेंटर

चर्चा में क्यों?

5 मार्च, 2023 को उत्तर प्रदेश के पंचायती राज विभाग के डीडी महेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के बरेली मंडल में पाँच लर्निंग सेंटर बनाए जाएंगे, जिनमें ग्रामीणों को गांव के स्तर पर ट्रेनिंग दी जाएंगी।

प्रमुख बिंदु

- पंचायती राज विभाग के डीडी महेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को आर्थिक स्तर पर मजबूत करने के लिये बरेली मंडल के चारों ज़िलों के पाँच मॉडल पंचायत घरों को लर्निंग सेंटर बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बरेली, पीलीभीत और बदायूं में एक-एक और शाहजहाँपुर की दो ग्राम पंचायतों में लर्निंग सेंटर बनाए जाएंगे। लर्निंग सेंटर पर ग्रामीणों को खेती-किसानी से लेकर उद्यमी बनने तक की बारीकियाँ सिखाई जाएंगी।
- शासन ने पंचायती राज विभाग को लर्निंग सेंटर बनाने के लिये 25 लाख का बजट जारी कर दिया है। एक सेंटर को विकसित करने में पाँच लाख की रकम खर्च होगी। प्रोजेक्टर समेत ट्रेनिंग के लिये तमाम ज़रूरी उपकरण मुहैया कराए जाएंगे।
- महेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार गाँव स्तर पर विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने के प्लान पर अमल करा रही है। इसमें ग्रामीणों की भागीदारी तय की जा रही है। गांव के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ उनका फायदा लेने का तरीका समझाया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि ऐसी ग्राम पंचायतों को लर्निंग सेंटर के लिये चुना गया, जहाँ पंचायत भवन और सामुदायिक केंद्र की बिल्डिंग अच्छी थी। पंचायत घर में कंप्यूटर, इंटरनेट, बिजली और बाउंड्रीवाल बनी थी। स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक और जूनियर विद्यालय, आंगनबाड़ी सेंटर मौजूद थे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/5-rural-learning-centers-will-be-built-in-bareilly-division-of-uttar-pradesh